## महत्वपूर्ण एवं खास

### बीकानेर के लिए हो रेल सुविधा

**कोरबा।** कोरबा से राजस्थान के बीकानेर और खाटू श्याम के लिए सीधी रेल सुविधा दिए जाने की मांग की जा रही है। रेल संघर्ष समिति ने इस संबंध में प्रयास जारी रखे है। कुछ महीने पहले इस मसले पर रेल सलाहकार समिति के रामकिशन अग्रवाल ने बीकानेर डीआरएम को पत्र लिखा था जिस पर सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई। समिति के सदस्यों ने प्रख्यात भजन गायक कन्हैया मित्तल से भी इस बारे में चर्चा की और उन्हें अपने स्तर पर कोशिश करने को कहा।

### दुर्गा पूजा उत्सव के लिए समितियां गठित

**कोरबा।** गणेशोत्सव के समापन से पहले क्षेत्र में दुर्गा पूजा उत्सव के लिए समितियां गठित हो गई है और आयोजन के सिलसिले में प्राथमिक स्तर का काम शुरू हो गया है। एमपी नगर, डॉ.आरपी नगर फेस.1 व फेस.2, टीपी नगर, एसईसीएल कालोनी समेत अनेक इलाकों में बड़े बजट वाली दुर्गा पूजा समितियों ने अभी से सक्रियता दिखानी शुरू की है। दुर्गा पूजा को लगभग 20 दिन का समय शेष बचा है। ऐसे में बीते दो वर्षों की कसर को निकालने के लिए जोर-शोर से आयोजन करने के लिए तैयारी की जा रही है। शहरी क्षेत्र में बड़े स्तर पर होने वाले दुर्गा पूजा उत्सव के लिए समितियों ने लाखों का बजट बनाया है। विशाल प्रतिमा के साथ-साथ भारी.भरकम साज-सज्जा के जरिए आकर्षण पैदा करने की कोशिशें यहां पर होंगे। आयोजक चाहते हैं कि इस बार उत्सव खास हो।

### आर्यन पब्लिक स्कूल में शिक्षकों का हुआ सम्मान

**कोरबा।** हरदीबाजार स्थित आर्यन पब्लिक स्कूल में सर्वपल्ली डॉ. राधा कृष्णन की जयंती शिक्षक दिवस के रूप में मनाई गई। यहां पर डॉ.राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण करने के साथ बच्चों ने गुरु की महिमा से संबंधित गीत प्रस्तुत किया। विद्यालय के संचालक अजय दुबे ने कहा कि शिक्षक हमेशा अपने शिष्यों को निखारने का काम किया करते हैं। वे उन्हें अंधकार की खोह से निकालने के साथ प्रकाशवान जगत का दर्शन कराते हैं और जीवन के लिए नई दिशा प्रदान करने में सेतु की भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का सम्मान हर कहीं बना हुआ है। गुरुकुल की परंपरा वर्तमान में प्रकारांतर में जारी है। जरूरत इस बात की है कि इस वृत्ति से जुड़ा वर्ग पूरी गरिमा व जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्य का निर्वहन करें। प्राचार्य मंजू दुबे ने भी इस परिप्रेक्ष्य में अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अंतर्गत सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया।

### सीटी बस संचालन के लिए कलेक्टर को साँपा ज्ञापन

**कोरबा।** जोगी कांग्रेस के अजीत जोगी छात्र संगठन ने कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में सिटी बस का संचालन जल्द शुरू करने की मांग की है। दूर दराज के छात्रों को कॉलेज आने जाने में हो रही परेशानी की ओर ध्यान आकृष्ठ कराया गया है साथ ही वनांचल क्षेत्र लेमरू में नए कॉलेज के स्थापना की मांग भी रखी गई। जोगी कांग्रेस छात्र संगठन के प्रदेशाध्यक्ष रवि चंद्रवंशी ने बताया है कि जिला मुख्यालय से करीब 75 किलोमीटर दूर लेमरू है , इस क्षेत्र के छात्र छात्राएं लंबी दूरी तय कर कॉलेज पहुंचते हैं। ग्राम पंचायत देवपहरी के आश्रित ग्राम घाटाडार की जर्जर हो चुके मिडिल स्कूल भवन के मरम्मत की भी मांग की गई है इसके अलावा शहर में निर्माणाधीन पुस्तकालय भवन का निर्माण कार्य जल्द पूरा करने, कॉलेजों के छात्र-छात्राओं को बेहतर परिवहन की सुविधा मिले इसके लिए सिटी बस का संचालन शुरू करने, गवर्नमेंट कॉलेज करतला में स्नात्तकोत्तर तक पढ़ाई की सुविधा देने और यहां संचालित आईटीआई में पुस्तकालय नहीं होने से छात्रों को हो रही परेशानी की ओर ध्यान आकृष्ठ कराया गय है।

# 27 प्रतिशत लोगों ने लगवाया कोविड टीके का बूस्टर डोज

**❑ लक्षण दिखे तो कराएं कोविड टेस्ट : सीएमएचओ डॉ. केशरी**

**रायगढ़।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 15 जुलाई से 30 सितंबर तक 18 से 59 आयुवर्ग के लोगों को मुफ्त में कोविड टीके का बूस्टर डोज लग रहा है। तकरीबन 25 दिन और मुफ्त में डोज लगेंगे जिसके बाद इसी टीके को लगाने के लिए लोगों को शुल्क अदा करना होगा। इस कारण स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है कि समय रहते लोग मुफ्त में लग रहे बूस्टर डोज को लगवाएं और खुद को व परिवार को सुरक्षित रखें। बूस्टर डोज लगाने के लिए जागरूकता लाने को स्वास्थ्य विभाग द्वारा तरह-तरह के प्रयास किये जा रहे है। विभाग ने समाज के प्रभावी लोगों को आमजन को टीका लगाने के लिए प्रशिक्षित किया और वह अब अपने से जुड़ें लोगों को बूस्टर डोज लगाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में कोविड का टीका लगाया जा रहा है। इसके साथ ही घर-घर जाकर स्वास्थ्य विभाग की टीम लोगों को बूस्टर डोज लगा रही है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसएन केशरी ने कहा: "जिले में 2.85 लाख बुजुर्गों को बूस्टर डोज लगना है जिसमें से 83,166 लोगों ने बूस्टर डोज लगवा लिया है। अभी करीब 2 लाख बुजुर्गों को बूस्टर डोज लगना बाकी है। इसलिए ऐसे लोगों से अपील है कि वह टीकाकरण केंद्रों में जाकर टीका जरूर लगवाएं। डोर-टू-डोर सुविधा भी हमने दी है लेकिन लोग केंद्र में लगवाएंगे तो टीकाकरण और शीघ्र होगा। जिन वार्डों या ग्रामों में डोर-टू-डोर के सेशन प्लान हैं वहां के लोगों से अपील है कि लोग पहले से



सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए एकत्रित रहें जिससे टीका लगाने वाली टीम ज्यादा लोगों को कवर कर सके।"

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. भानू पटेल ने बताया: "बूस्टर डोज वर्तमान में मुफ्त में लग रही है। कुछ दिनों बाद फिर से यह पैसा देकर लगाने के लिए उपलब्ध रहेगी। ऐसे में बीते दिनों में जिले में सिर्फ जिंदल फोर्टिस में पेमेंट देकर कोविड टीका लग रहा था। अब जब भारत सरकार ने बूस्टर डोज को निश्चित समय में मुफ्त किया है और सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों और घर-घर बूस्टर डोज लग रहे हैं तो लोग कोताही न बरतें और बूस्टर डोज जरूर लगवाएं। आगामी समय में त्यौहार हैं और कोविड से थोड़ा राहत मिलने के बाद लोगों ने सावधानी बरतना बंद कर दिया। कोविड अभी पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ है। कोविड टीका आपको कोविड संक्रमण से बचाता है। वर्तमान में 12.27 लाख लक्षित लोगों में से 3.26 लाख लोगों ने कोविड का बूस्टर डोज लगवाया है जो कि 27 प्रतिशत है। इसे हमें शत प्रतिशत करना है लेकिन धीरे-धीरे समय कम होता जा रहा है। बचे समय में लोग स्वस्फूर्त टीकाकरण केंद्रों में जाकर बूस्टर डोज लगवाएं।"

**लक्षण दिखे तो कराएं कोविड टेस्ट: सीएमएचओ डॉ. केसरी**- जिले में वर्तमान में 30 के करीब कोविड के मामले सक्रिय हैं। सीएमएचओ डॉ. एसएन केशरी ने कहा "मौसम में लगातार बदलाव हो रहे हैं। ऐसे में किसी की भी तबीयत खराब हो सकती है लेकिन जिन लोगों में कोविड के लक्षण दिख रहे हैं वह कोताही कतई न बरते। तुरंत अपना कोविड टेस्ट कराएं। जिले के सभी सीएचसी-पीएचसी में कोविड टेस्ट की सुविधा है। रायगढ़ शहरी क्षेत्र में पंजरी प्लाट स्थित निगम ऑडोटोरियम, रामभांठा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, गांधी नगर नगर स्वास्थ्य केंद्र और रेलवे स्टेशन में कोविड टेस्ट हो रहा है।

## भेंट-मुलाकात अभियान: खेती-किसानी से अब मिला आगे बढ़ने का बढ़ियर रास्ता

**❑ मुख्यमंत्री से बात-चीत करते हुए ग्रामीणों ने राज्य में कृषक हितैषी नीतियों की सराहना की**

**रायगढ़।** खेती-किसानी अब राज्य में सरकार द्वारा चलाए जा रहे अनेक कृषक हितैषी कार्यक्रमों से बहुत ही लाभकारी व्यवसाय हो गया है। यह कहना है ग्राम लोईंग निवासी कृषक विनोद गुप्ता का।

प्रदेशव्यापी भेंट-मुलाकात अभियान के दौरान रायगढ़ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम लोईंग पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को कृषक गुप्ता ने बात-चीत करते हुए खुशी-खुशी यह जानकारी दी। इस दरम्यान क्षेत्र के अन्य कृषकों और ग्रामीणों ने भी राज्य में कृषक हितैषी नीतियों की सराहना की। कृषक गुप्ता ने आगे बताया कि छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार द्वारा किसानों को दी जा



रही सुविधाओं के परिणाम स्वरूप हमें आगे बढऩे का भरपूर अवसर मिलने लगा है। मैं स्वयं कृषक परिवार से हूं, जो शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त होने के पश्चात राज्य में किसानों को दी जा रही सुविधाओं का लाभ उठाते हुए खेती-किसानी से पुन: जुड़ गया। इससे मेरे खाली समय का खेती-किसानी में बढिय़ा उपयोग हो रहा है और खूब आमदनी भी होने लगी है। साथ ही इसे देखकर आस-पड़ोस सहित क्षेत्र के युवा बेरोजगार लोग आकर्षित होने लगे हैं और खेती-किसानी से जुड़कर अधिक से अधिक लाभ उठाने आगे आ रहें हैं।

मुख्यमंत्री बघेल से भेंट-मुलाकात के दौरान कृषक गुप्ता ने बताया कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना के फलस्वरूप वर्तमान में मैं हर रोज गौठान में एक क्विंटल गोबर की बिक्री कर रहा हूं। जिसका प्रत्येक दिन 200 रूपए होता है। इससे मुझे खेती-किसानी के साथ-साथ पशुपालन को भी बढ़ावा मिला है। इसमें शासन की योजनाओं का लाभ उठाते हुए गौपालन का कार्य भी सुगमता से हो रहा है और दूध की बिक्री से प्रत्येक दिन 600 रूपए की राशि मिल जाती है। इसी तरह राजीव गांधी किसान न्याय योजना का भरपूर लाभ मिल रहा है। इसमें राज्य सरकार द्वारा आदान सहायता के रूप में दी जा रही राशि का अतिरिक्त लाभ भी मिलने लगा है।

श्री गुप्ता ने बताया कि मेरे पास स्वयं के 10 एकड़ खेत जमीन उपलब्ध है। इसमें से 6 एकड़ में मेरे द्वारा धान की फसल ली जाती है और शेष 4 एकड़ टिकरा खेत में उद्यानिकी विभाग के सहयोग से बागवानी की गई है।

इसमें भी बागवानी फसल के लाभ के साथ-साथ राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत प्रति एकड़ 9000 रूपए के आदान सहायता की राशि का अतिरिक्त लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में बागवानी फसल के अंतर्गत एक-एक एकड़ में आम, केला, एप्पल बेर और ऑयल पाम के पौधे लगाए गए हैं। इससे केला की खेती से सालाना 70 से 80 हजार रूपए की आमदनी हो रही है। इसी तरह आम से सालाना 50 हजार रूपए और एप्पल बेर से लगभग 40 से 50 हजार रूपए की आमदनी होने लगी है।

## अज्ञात शव की नहीं हो पाई शिनाख्त

**कोरबा।** सामुदायिक भवन चैतमा के पास मिली अज्ञात महिला की लाश पुलिस के लिए अबूझ पहेली बनी हुई है। जिसकी शिनाख्त के लिए मुनादी आसपास के इलाके में कराई जा रही है।

जानकारी के अनुसार पाली थाने की चैतमा पुलिस चौकी क्षेत्रांतर्गत ग्राम चैतमा के सामुदायिक भवन परिसर में आज सुबह एक महिला की मृत हालत में लाश मिलने के बाद सनसनी बनकर यह खबर जंगल में लगी आग की तरह पूरे क्षेत्र में फैल गई। जिसकी सूचना गांव के कोटवार ने चैतमा चौकी प्रभारी पुरुषोत्तम उइके एवं पाली थाने के टीआई तेज यादव को दी। चैतमा चौकी पुलिस ने शून्य पर मर्ग कायम कर मौके पर पहुंचकर लाश के पंचनामा व आगे की कार्यवाही शुरू की। लेकिन उक्त महिला कौन है, कहां की है, कैसे आई, क्यों आई इसकी जानकारी पुलिस को मिलना मुश्किल हो गई है। क्योंकि महिला उस इलाके की न होकर कहीं बाहर से आने वाली बताई जा रही है। दो-तीन दिन से उस इलाके में वह विचरण कर रही थी। उसका व्यवहार भी कुछ ऐसा नहीं दिख रहा था जिससे कि उसके संबंध में उससे कोई जानकारी चैतमा के लोग ले सके। इसी वजह से चैतमा पुलिस द्वारा मृतका के शव के शिनाख्ती के लिए मुनादी कराई जा रही है। इस दौरान उसके शव को पाली सीएचसी के मच्र्युरी में दो-तीन दिनों तक शिनाख्ती के लिए रखा जाएगा। शिनाख्त नहीं होने पर उसका कफन-दफन पुलिस द्वारा करवा दिया जाएगा।

## अपने मागों को लेकर सरपंच संघ की हड़ताल जारी

**कोरबा।** प्रदेश सरकार ने कुछ हद तक मांगों को स्वीकार कर लिया है। जिसके चलते अधिकारी.कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त हो गई और अब वे काम पर लौट आए हैं। जबकि सरपंच संघ अपनी 9 मांगों को लेकर हड़ताल पर डटा हुआ है। उसकी हड़ताल से खासतौर पर पंचायत स्तर के कामकाज खटाई में पड़े हुए हैं। सरपंचों की मांग है कि महंगाई के दौर में उन्हें 20 हजार रुपए मासिक मानदेय दिया जाए। उपसरपंच के लिए भी इसी तरह की मांग रखी गई है।



सेवानिवृत्ति होने पर सरकार से यह वर्ग पेंशन भी चाहता है। तर्क दिया गया है कि जब विधायक और सांसद को यह सुविधा मिल सकती है तो ग्रामीण जनप्रतिनिधि भी इसकी पात्रता आखिर क्यों नहीं रखते। हड़ताल की शुरुआत के दौरान सरपंचों ने साफ तौर पर कहा है कि विधायक और मंत्री अपने वेतन बढ़ाने के लिए दो मिनट में प्रस्ताव पारित कर देते हैं इसलिए सरपंचों के मामले में सरकार को लापरवाही का प्रदर्शन करने के बजाय दरियादिली दिखानी चाहिए। 10 दिन से ज्यादा समय सरपंचों की हड़ताल को हो गया है। पंचायत के सचिवों के हड़ताल पर रहने से वैसे भी वहां कोई काम नहीं हो रहे थे। अब जबकि सचिव काम पर लौट आए हैं तो सरपंच अपनी भूमिका से बाहर हैं। ऐसे में पंचायत और ग्रामीण विकास की योजनाओं के साथ-साथ स्थानीय मामलों में विकास और विभिन्न कार्यों के प्रस्ताव व भुगतान के मसले पर रोड़ा अटका हुआ है।

## हाथियों ने मकानों को ढहाया, दो मवेशियों को भी उतारा मौत के घाट

**कोरबा।** वन अमले की तमाम कोशिशों के बाजवूद कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज में हाथियों का उत्पात थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। यहां 23 की संख्या में घूम रहे हाथी बेकाबू हो गए हैं और ये प्रतिदिन रिहायशी क्षेत्रों में पहुंचकर या तो मकान को तोड़ दे रहे हैं या फिर मवेशियों को निशाना बना रहे हैं जिससे ग्रामीण काफी परेशान हैं। हाथियों के डर से वे रतजगा करने को मजबूर हैं। साथ ही काफी आतंकित भी हैं।



बीती रात पसान क्षेत्र के सेनहा परिसर में घूम रहे हाथियों ने फिर भारी उत्पात मचाते हुए यहां के आश्रित ग्राम बिलहिया में तीन ग्रामीणों के घर ढहा दिए। इतना ही नहीं गलियों में घूम रहे दो मवेशियों बैल को मौत के घाट उतार दिया। हाथी ग्रामीणों की बाड़ी में भी घुस गए थे और वहां लगे मकई के फसल को बुरी तरह तहस.नहस कर दिया। हाथियों के गांव में पहुंचने तथा उत्पात मचाए जाने की सूचना पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचा और हाथियों को खदेडऩे की कार्यवाही की। वन अमला द्वारा खदेड़े जाने पर हाथियों ने जंगल का रूख किया। आज सुबह वन विभाग के अधिकार व कर्मचारी पुनरू गांव पहुंचे और हाथियों द्वारा रात में किये गए नुकसानी का सर्वे करने के साथ ही रिपोर्ट तैयार की और इसे अपने उच्चाधिकारियों को सौंपा। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक हाथियों के उत्पात से ग्रामीणों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। वन विभाग नुकसान की भरपाई के लिए उन्हें मुआवजा प्रदान करेगा।

## कोयला लोड वाहनों व प्रदूषण की समस्या को लेकर किया प्रदर्शन

**कोरबा।** कोयलांचल दीपका में थाना चौक के पास का रास्ता खराब होने और मुख्य मार्ग से भारी वाहनों की आवाजाही के चलते प्रदूषण की मार से जनता त्रस्त है। किसी भी स्तर पर समस्या का समाधान नहीं हो सका है। इस मसले को लेकर दीपका पेट्रोल पंप चौराहे पर प्रदर्शन के साथ भारी वाहनों को रोक दिया गया है। स्थानीय नागरिकों ने भी इस प्रदर्शन को समर्थन दिया है।



छत्तीसगढिय़ा क्रांति सेना के द्वारा पिछले दिनों इस बारे में घोषणा की गई थी और समय रहते व्यवस्था को ठीक करने के लिए कहा गया था। इसे एसईसीएल और नगर पालिका ने हल्के से लिया। नतीजा ये हुआ कि लोग जिन समस्याओं से दो-चार हो रहे थे उसमें कोई अंतर नहीं आ सका। आखिरकार तय दिवस और समय पर यहां छोटे-बड़े वाहनों की आवाजाही पर ब्रेक लगा दिया गया। संगठन के लोगों के अलावा स्थानीय नागरिकों ने इस प्रदर्शन को समर्थन देने के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। नतीजा ये हुआ कि खदान और विभिन्न मार्गों पर जाने वाले वाहनों के पहिए एक जगह पर आकर थम गए। कुछ देर के बाद सामान्य वाहनों को राहत दी गई। कहा गया कि पूरा मसला कोयला लोड भारी वाहनों को लेकर जुड़ा हुआ है। उनके दबाव से सडक़ खराब हो रही है। करोड़ों का गौरव पथ का कचूमर निकल गया है। कुल मिलाकर इन सबके चलते स्थानीय जनता का सिरदर्द बढ़ रहा है। ऐसे में कोयला परिवहन करने वाले वाहनों के लिए इस रास्ते का उपयोग पूरी तरह से बंद होना चाहिए। ऐसा होने से सडक़ की दुर्गति को रोका जा सकेगा और कोल डस्ट से लेकर कीचड़ व वायु प्रदूषण जैसी परेशानियों का नियंत्रण हो सकेगा। स्थानीय स्तर पर भारी वाहनों को रोके जाने से दिक्कतें पैदा हुई है। अधिकारियों को इस संबंध में अवगत कराया गया है। मामले का समाधान क्या हो सकता है इसके लिए कोशिश की जा रही है।

# लायंस क्लब ऑफ कोरबा ने मनाया 45वॉ सम्बंद्धुता दिवस समारोह

**कोरबा।** लायंस क्लब ऑफ कोरबा द्वारा चार्टर नाईट, 45वॉ सम्बंद्धता दिवस कार्यक्रम मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि एम.जे.एफ. लायन जयप्रकाश अग्रवाल त्वरित पूर्व मल्टीपल काउंसिल चेयरपर्सन, विशिष्ट अतिथि एमजेएफ लायन राजेन्द्र तिवारी पूर्व मल्टीपल काउंसिल चेयरपर्सन, एमजेएफ लायन बसंत मिश्रा पूर्व प्रांतपाल, लायन नंदकिशोर अग्रवाल रीजन चेयरमैन रीजन 4, लायन कामायनी दुबे जोन चेयरपर्सन जोन 10, एवं अध्यक्षता लायन राजकुमार अग्रवाल (उत्सव) की गरिमामयी उपस्थित में कार्यक्रम मनाया गया। सभी अतिथियों का तिलक व बुके से स्वागत किया गया, एवं दीप प्रज्ज्वलित कर लायन मेल्विन जोन्स की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात चार्टर सदस्यों लायन पद्मसिंह चंदेल, लायन आनंद प्रसाद जायसवाल, लायन राधेश्याम बंसल, लायन श्रीकांत बुधिया, लायन सत्येन्द्र वासन का साल, श्रीफल व मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया।

लायन रमेश शर्मा द्वारा स्वागत गीत का शानदार प्रस्तुति दिया गया एवं कार्यक्रम का सफल संचालन लायन संतोष खरे किया गया। अध्यक्षीय उद्बोधन अध्यक्ष लायन राजकुमार अग्रवाल द्वारा दिया गया जिसमें उन्होंने सभी चार्टर सदस्यों का दिल से धन्यवाद किया व परमानेंट प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी दी। चार्टर सदस्य लायन पदमसिंह चंदेल जी ने मंच में उपस्थित सभी अतिथियों के अथक परिश्रम में बारे में बताया व उनकी प्रशंसा की साथ ही क्लब को चार्टर दिवस के लिए बधाई दिया। मुख्य अतिथि एम.जे.एफ. लायन जयप्रकाश अग्रवाल त्वरित पूर्व मल्टीपल कौंसिल चेयरपर्सन ने अपने उद्बोधन में क्लब के कार्यो की भुरि - भुरि प्रशंसा की, चार्टर सदस्यों व क्लब को चार्टर दिवस के लिए बधाई दिया। विशिष्ट अतिथि एम.जे.एफ. लायन राजेन्द्र तिवारी पूर्व मल्टीपल काउंसिल चेयरपर्सन, एम.जे.एफ. लायन बसंत मिश्रा पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, लायन नन्दकिशोर अग्रवाल रीजन चेयरमेन व लायन कामायनी दुबे जोन चेयरपर्सन ने भी बारी-बारी से क्लब के कार्यो की भुरि-भुरि प्रशंसा करते हुए क्लब को 45 वॉ सम्बंधता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दिये। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया एवं लायन दीपक माखीजा द्वारा आभार व्यक्त किया गया। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की समाप्ति किया गया।

कार्यक्रम में एम.जे.एफ. ला. राजकुमार अग्रवाल (श्वेता), ला. पुरुषोत्तम अग्रवाल, ला. भगवती गोयनका, ला. राकेश अग्रवाल, ला. अरविन्द्र साहू, ला. बृजमोहन शर्मा, ला. रामगोपाल डिक्सेना, ला. दीपक अग्रवाल, ला. रोहित राजवाड़े, ला. अमरेश सिंघानिया, ला. एस.के. अग्रवाल, ला. रविशंकर सिंह ला. सुभाष अग्रवाल (आरपी), ला. मीना सिंह, ला. मधु पाण्डेय, ला. शहनाज शेख, ला. राजेन्द्र डागा, ला. ममतारानी वासन एवं अन्य क्लब से आये लायन सदस्य ला. सुधीर सक्सेना, ला. शिव जायसवाल, ला. कैलाश अग्रवाल, ला. गणेश अग्रवाल एवं लायन साथियों की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.वी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उनके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU